Krishna Nand M.A II Sem 1 ①

Q:– मनोवैज्ञानिक शोध का परिभाषा दें तथा इसके मुख्य प्रकारों का वर्णन करें।

या

मनोवैज्ञानिक शोध से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख प्रकारों का वर्णन करें।

परिचय

Ans:– मनोविज्ञान को सामाजिक विज्ञान की श्रेणी में रखा गया है। परन्तु अन्य सामाजिक विज्ञानों यथा– समाज शास्त्र तथा शिक्षा से मनोविज्ञान में अधिक वस्तुनिष्ठता के कारण प्राकृतिक विज्ञानों के अधिक करीब पाये जाने के कारण मनोवैज्ञानिक शोधों में अधिक वैज्ञानिकता पाई जाती है। अतः मनोवैज्ञानिक शोध अन्य सामाजिक शोधों की तुलना में अधिक वैज्ञानिक तथा प्राकृतिक विज्ञानों से थोड़ा कम वैज्ञानिक है। इसी आधार पर मनोविज्ञान को व्यवहारपरक विज्ञान का दर्जा दिया गया है। साथ-साथ मनोवैज्ञानिक शोधों में वैज्ञानिक शोध की विशेषताएँ बहुत हद तक पाई जाती है।

सामाजिक विज्ञानों में मनोविज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्थान है। विज्ञान की प्रगति शोधों पर आधारित है। मनोविज्ञान भी एक स्वाभाविक विज्ञान है। आज का मनोविज्ञान शोधों का ही प्रतिफल है। प्राकृतिक विज्ञानों के साथ-साथ मनोविज्ञान भी नये-नये शोधों के कारण उत्तरोत्तर विकास पथ पर अग्रसर है।

परिभाषा

अनेक मनोवैज्ञानिकों द्वारा शोध

Krishna Nand M.A II Sems (2)

2

को वैज्ञानिक ढंग से परिभाषित किया गया है जिनमें निम्नांकित प्रमुख है :-

(1) पी० वी० यंग (P.V. young, 1988) महोदया के अनुसार "शोध एक ऐसी व्यवस्थित विधि है, जिसके द्वारा नए तथ्यों की खोज तथा पुराने तथ्यों की पुष्टि की जाती है, और उनके अनुक्रमों परस्पर संबंधों, कारणात्मक व्याख्याओं एवं प्राकृतिक नियमों, जो उन्हें संचालित करते हैं, का अध्ययन किया जाता है।"

इनके द्वारा ~~एकक~~ शोध को नये ज्ञान की खोज तथा पुराने ज्ञान के पुष्टिकरण के अर्थ में परिभाषित किया गया है।

(II) थियोडॉर्सन तथा थियोडॉर्सन (1969) के (Theodarson) अनुसार "शोध किसी समस्या के सुव्यवस्थित अध्ययन करने या किसी समस्या से संबंधित ज्ञान को बढ़ाने के निष्पक्ष प्रयास को कहते हैं।"

(III) करलिंगर (1986) के (Kerlinger) अनुसार "वैज्ञानिक शोध, प्राकृतिक घटनाओं के बीच अनुमानित सम्बन्धों की खोज हेतु निर्मित परिकल्पनाओं का व्यवस्थित, नियंत्रित तथा आलोचनात्मक अनुसंधान है।"

यह परिभाषा अन्य सभी से अधिक संगत, स्पष्ट तथा संतोषजनक है। इस परिभाषा में शोध स्वरूप (Nature) को अधिक सफलता एवं सक्षमता से स्पष्ट किया गया है।